Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **हनुमानगढ़ में बीएसटीसी कॉलेज की प्रधानाचार्या 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *10 अगस्त।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर हनुमानगढ़ इकाई द्वारा आज मंगलवार को कार्यवाही करते हुये डा0 प्रीतम कौर प्रधानाचार्या, स्वामी विवेकानंद एलीमेंटरी टिचरर्स एज्यूकेशन शेरगढ़ जिला हनुमानगढ़ को परिवादी से 10 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की हनुमानगढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि हमारे द्वारा कॉलेज की समस्त फीस जमा करवाकर रसीद प्राप्त की गई है रिसीविंग लेटर इन्टरसिप के लिए अतिरिक्त चार्ज के रूप में 8–8 हजार रूपये प्रति विधार्थी से डा0 प्रीतम कौर प्रधानाचार्या, स्वामी विवेकानंद एलीमेंटरी टिचरर्स एज्यूकेशन शेरगढ़ जिला हनुमानगढ़ द्वारा रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी हनुमानगढ के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तेजपाल** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये **डा0 प्रीतम कौर** पुत्री श्री गुरचरण सिंह, निवासी पंजाबी मोहल्ला हनुमानगढ टाउन **हाल प्रधानाचार्या स्वामी विवेकानंद एलीमेंटरी टिचरर्स एज्यूकेशन शेरगढ़ जिला हनुमानगढ़** को परिवादी से 10 **हजार रुपये की रिश्वत** लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।